Seventeenth Loksabha

an>

Title : Regarding repair of Badipal dam on Lake Pichola in Udaipur, Rajasthan -laid.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): मेरे लोक सभा क्षेत्र उदयपुर (राजस्थान) की प्रसिद्ध पिछोला झील का निर्माण 14वीं शताब्दी में हुआ । पिछोला झील के मुख्य बांध (बड़ी पाल) जो कि उदयपुर के राजघराने के स्वामित्वाधिकार में रही इसकी सुरक्षा आदि की व्यवस्था एवं मरम्मत आदि का कार्य हर वर्ष प्रशासन की जांच के बाद राजघराने द्वारा सम्पादित किया जाता रहा है । परंतु पिछले एक दशक से मौके पर किन्हीं कारणों से मुख्य बांध (बड़ी पाल) की मरम्मत नहीं हो सकी है । बांध की मरम्मत को गंभीरता पूर्वक लेते हुए इस विषय को प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियो के संज्ञान में लाया गया और अधीक्षक अभियंता जल संसाधन विभाग उदयपुर ने भी मुख्य बांध (बड़ी पाल)की मरम्मत करवाने, टूट-फूट को सही करने एवं रंग रोगन और रखरखाव के लिए सम्बंधित निर्देश दिए परन्तु फिर भी मौके पर काम नहीं हो सका है ।